2022

HINDI (Hons)

B.A. Third Semester End Examination - 2022

PAPER - C5T

(छायावादोत्तर हिन्दी कविता)

Full Marks : 60 *Time : 3 hours*

The figures in the right-hand margin indicate marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.
Illustrate the answers wherever necessary.

क) किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10=20

(i) 'तार सप्तक' का प्रकाशन वर्ष एवं उसके संपादक का नाम बताइए।

(ii) 'दूसरा' सप्तक के दो कवियों के नाम बताइए।

(iii) केदारनाथ अग्रवाल के दो काव्य-संग्रहों के नाम बताइए।

(iv) नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या था?

(v) दिनकर को किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार और कब मिला था?

(Turn Over)

(vi) अज्ञेय का पूरा नाम एवं उनकी एक काव्यकृति का नाम बताइए।

(vii) 'खुँटियों पर टंगे लोग' किनकी काव्यकृति है? इस कृति को कौन-सा पुरस्कार मिला था?

(viii) गिरिजा कुमार माथुर के दो काव्य-संग्रहों के नाम बताइए।

(ix) 'शासन की बंदूक' किनकी कविता है? 'बंदूक' किसका प्रतीक है?

(x) 'कुरुक्षेत्र' किस प्रकार का काव्य है? इसमें कितने सर्ग हैं?

(xi) प्रगतिवाद का आरंभ कब से माना जाता है? प्रगतिवाद का अंत कब से माना जाता है?

(xii) 'पंद्रह अगस्त' कविता का प्रतिपाद्य संक्षेप में लिखिए।

(xiv) 'नयी कविता' नाम के जनक कौन हैं? 'नयी कविता' के संपादक कौन थें?

(xv) अज्ञेय किस दर्शन से प्रभावित थें? प्रयोगवाद का जीवन-दर्शन किससे प्रभावित है?

ख) किन्हीं चार काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×4=20

(i) धीरे से पाँव धरा धरती पर किरनों ने
मिट्टी पर दौड़ गया लाल रंग तलुओं का

छोटा-सा गाँव हुआ केसर की क्यारी-सा
कच्चे घर डुब गये कंचन के पानी में।

(ii) छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को
मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है
बादल को घिरते देखा है।

(iii) अहंकार के साथ घृणा का
जहाँ द्वंद्व हो जारी,
ऊपर शांति तलातल में
हो छिटक रही चिनगारी।

(iv) यह दीप अकेला स्नेह-भरा
है गर्व भरा मदमाता, फिर
इसको भी पंक्ति को दे दो।

(v) लीक पर वे चलें जिनके
चरण दुर्बल और हारे हैं
हमें तो हमारी यात्रा से बने
ऐसे अनिर्मित पंथ प्यारे हैं।

(vi) तुम्हारे साथ सहकर
अक्सर मुझे लगा है
कि हम असमर्थताओं से नहीं
संभावनाओं से घिरे हैं

(vii) अत्याचार सहन करने का
कुफल यही होता है,
पौरूष का आतंक मनुज
कोमल होकर खोता है।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(i) 'कुरुक्षेत्र' के तृतीय सर्ग की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) प्रगतिवादी कविता के प्रतिनिधि कवि के रूप में नागार्जुन की पठित कविताओं का मुल्यांकन कीजिए।

(iii) केदारनाथ अग्रवाल के काव्य में व्यक्त सौदंर्यबोध और प्रकृति चित्रण पर विचार कीजिए।

(iv) 'यह दीप अकेला' कविता का मुख्य प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।